## ठेमी में चार लाख की स्मैक बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अवैध मादक पदार्थ स्मैक के नशे के विरूद्ध नरसिंहपुर पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। थाना ठेमी पुलिस ने दो स्मैक के कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लगभग 4 लाख कीमत की 40 ग्राम स्मैक एक मोटरसाईकिल एवं दो मोबाइल जप्त किए गए। उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने, साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णत: अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिला अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है।

अभियान के तहत थाना ठेमी की पुलिस द्वारा 19.02.2025 को अवैध मादक पदार्थ स्मैक के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को बडगुवां फैक्ट्री के पास से गिरफ्त में लिया बया जिनका नाम अजय उर्फ अज्जू लोधी, उम्र 44 साल वर्ष निवासी ग्राम नयागांव एवं आरोपी लखन सिंह लोधी, उम्र 32 साल निवासी ग्राम रहली, थाना गोटेगांव के कब्जे से 4 लाख कीमत की 40 ग्राम स्मैक, एक मोटरसाईकिल एवं दो मोबाइल भी किये गये है। जप्त की जाकर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 96/2025 धारा 8, 21-बी,



29 एनडीपीएएस एक्ट पंजीवद्ध किया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना ठेमी से थाना प्रभारी निरीक्षक प्रियंका केबट, सउनि राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक अवधेश पटेल, प्रधान आरक्षक कुलदीप सिंह ठाकुर, आरक्षक चंद्रप्रताप पटेल, आरक्षक विजय वासुकी, आरक्षक आशीष सिलावट, एवं आरक्षक सायबर सेल नीरज डेहरियाकी मुख्य भूमिका रही।

## कलेक्टर ने महाशिवरात्रि पर्व के लिए ली बैठक



**गाडरवारा, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गाडरवारा स्थित डमरूघाटी शिवधाम परिसर में आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में डमरूघाटी के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ बैठक ली। उन्होंने यहां संबंधित एसडीएम, एसडीओपी, सीएमओ को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर ने डमरूघाटी में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं के आने- जाने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पूजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती पटले ने यातायात व आवागमन को सुचारू बनाये रखने के लिए डायवर्सन प्वाइंट व ट्राफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। समिति के सदस्यों ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं का पूजन- अर्चन करने आना होगा।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि इन श्रद्धालुओं की संख्या के अनुसार तैयारी हो। श्रद्धालुओं की सहूलियत का विशेष ध्यान रखें। बारी- बारी से श्रद्धालु दर्शन करने जायें। फायर बिग्रेड, स्वास्थ्य टीम आदि की भी व्यवस्था हो। बैठक के उपरांत कलेक्टर ने डमरू घाटी का भी निरीक्षण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख ने शक्कर नदी पुल के पास रेट घाट पर लगने वाले मेले के बारे में जानकारी दी। बैठक में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे, डमरूघाटी समिति के अध्यक्ष हंसराज मालपानी, अशोक काबरा, बसंत डागा, चंद्रकांत शर्मा, जिनेश जैन, रामगोपाल अग्रवाल, सुभाष जैन, कन्हैया यादव, समिति के अन्य सदस्य और संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### महाविद्यालय में हुआ एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन




**गाडरवारा, देशबन्धु।** महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा के प्राचार्य डॉ. ए.के. जैन के निर्देशन में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवस व्याख्यान माला एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ. ए.के. जैन एवं मुख्य वक्ता डॉ. राजेश ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके पश्चात जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जनजाति नायकों पर केंद्रित एक दिवसीय व्याख्यान माला एवं प्रदर्शनी के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों के योगदान के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ए.के. जैन के उद्बोधन में जनजाति गौरव दिवस के बारे में कहा कि जनजातीय भारत के मूल निवासी हैं और यह प्रकृति के पूजक है स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय नरसिंहपुर सहायक प्राध्यापक इतिहास विभाग के डॉ. राजेश ठाकुर द्वारा जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में बिरसा मुंडा के 150 वे जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। जनजातीय समाज ने हमारी आजादी और देश के विकास में महत्वपूर्ण स्थान एवं योगदान दिया। कार्यक्रम के जरिए जनजातीय संस्कृति के गौरवशाली इतिहास रीति- रिवाज एवं उपलब्धियों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की, श्री रोहित मरकाम जी द्वारा जल जंगल जमीन एवं जनजातीय जीवन से साक्षात अनुभव छात्र-छात्राओं के सामने प्रस्तुत किया।

विद्यार्थी नीलेश गोंड ने भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं देश के प्रति बलिदान पर प्रकाश डाला। आर.आर फिल्म व गीत प्रदर्शन को प्रोजेक्टर द्वारा विद्यार्थियों को दिखाया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा जनजातीय लोक नृत्य को प्रस्तुत किया। प्राचार्य, मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. दुर्गा कहार, द्वितीय जयंती कहार, अंकिता गोंड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नीलेश गोंड द्वितीय जुनेत, शिवानी गोंड द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीक्षा कौरव, द्वितीय पायल कहार,नंदिनी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।प्राचार्य मुख्य अतिथि, व मुख्य वक्ता द्वारा स्मृति चिन्ह पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में डॉ. जवाहर शुक्ला प्रो. एन. पी. वर्मा, प्रो. एस. के. नायक ग्रंथपाल धीरेंद्र जाट एवं राजकुमार उइके , डॉ शिवानी स्वामी एवं अन्य स्टाफगण उपस्थित रहे कार्यक्रम संयोजक डॉ. शारदा भिंडे एवं मंच संचालन प्रो. विवेक कुमार कुर्मी, विद्यार्थी नीलेश गोंड एवं आभार प्रदर्शन प्रो. योगेंद्र ठगेले द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफगण कर्मचारीगण व विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनी रही।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से पैदल चल रहे तीन नागरिकों की मौत

**पालाचौरई, देशबन्धु।** ऋषि ढाबा के पास शाम के समय हुए भीषण कार सड़क हादसे में सड़क किनारे पैदल चल रहे तीन व्यक्ति अंबाड़ा बैरियर निवासी मुकेश गुप्ता के चाचा एवं जवाहिर गुप्ता एवं अंबाड़ा इंदिरा आवास कॉलोनी निवासी महादेव पवार की हादसे में मृत्यु हो गई है। इसके अलावा कार में सवार दमुआ नंदन निवासी एक व्यक्ति सूरज प्रसाद उईके की भी मृत्यु हो गई है।

तीनों व्यक्तियों को हादसे के बाद पुलिस के द्वारा परासिया चिकित्सालय पहुंचाया गया था जहां पर डॉक्टर ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। वही कार चालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश कर रही है। हादसे से लोग हैरत में हैं।



## विद्युत मांग में 25 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत वर्ष के मुकाबले 125 प्रतिशत से अधिक की खपत म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं.लि. के अंतर्गत कृषक उपभोक्ताओं के साथ घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा की गई है। पूरे जबलपुर संभाग के अंतर्गत नरसिंहपुर जिले ही एकमात्र ऐसा जिला है जिसमें कृषकों द्वारा 3 से 4 फसलों का उत्पादन होने के कारण अत्यधिक लोड बिजली सिस्टम में दर्ज हुआ हैं जिसमें नरसिंहपुर जिले के विद्युत उपकेन्द्रों में लोड बढ़ा है।

गत वर्ष के मुकाबले 25 प्रतिशत से अधिक की विद्युत खपत दर्ज की गई है। जिसमें विद्युत विभाग द्वारा मैनेज करते हुए सभी कृषक उपभोक्ताओं तक उच्च गुणवत्तापूर्वक सुचारू एवं निरंतर विद्युत आपूर्ति की गई। पिछले 10 दिवस की बात करें तो नरसिंहपुर जिले में विद्युत खपत में अधिक उछाल दर्ज गई है। विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है कि कृषि पंपों का स्वीकृत भार दर्ज कराकर ही विद्युत मोटरों का उपयोग करें साथ ही साथ घरेलू उपभोक्ताओं से निवेदन है कि घरेलू विद्युत देयक एवं कृषि पंप का देयक समय पर जमा करें जिससे असुविधा से बचा जा सके।

### उपभोक्ताओं से की सहयोग की अपील

अधीक्षण अभियंता द्वारा आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपना विद्युत कनेक्शन वैधानिक रूप से स्थानीय वितरण केन्द्र कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करें। विद्युत की चोरी न करते हुए राष्ट्र एवं प्रदेश को समृद्धशाली बनाने में ऊर्जा बचत करके अपना सहयोग प्रदान करें। यह ही नहीं ऊर्जा की अवैधानिक रूप से चोरी करते पाये जाने पर कानूनी प्रक्रिया से बचकर अपना समय व आर्थिक बचत से अपने आपको वंचित रखें।

## गायत्री शक्तिपीठ में सौंपे गए दायित्व




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गायत्री शक्ति पीठ में आयोजित गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य व्याख्यान माला कार्यक्रम में प्रमुख ट्रस्टी आचार्य थंम्मन सिंह शर्मा का जन्मदिन वरिष्ठ परिजनों की उपस्थिति में मनाया गया।

कार्यक्रम में शांति कुंज के निर्देशानुसार उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी के द्वारा मंजू श्रीवास्तव को जिला कन्या कौशल प्रभारी एवम भारती कौरव को सह प्रभारी का दायित्व सौंपे जाने पर मन्दिर प्रबंधन समिति प्रमुख हेमलता शर्मा एवम उपस्थित परिजनों ने सम्मानित किया।

इनके साथ नरसिंहपुर में कन्या कौशल विस्तार हेतु शामिल सदस्य मातृशक्ति जिनमें कल्पना चौकसे शंकरचार्य वार्ड प्रभारी, ओमवती मालवीय रोंसरा प्रभारी, अर्चना सोनी कामथ वार्ड प्रभारी, निशा सोनी भगत सिंह वार्ड प्रभारी, विभा सोनी गयादत्त वार्ड प्रभारी, सकुन नामदेव बजरंग वार्ड प्रभारी, माधुरी यादव महिला मण्डल रोंसरा प्रभारी, पार्वती दुबे महिला मण्डल शांति नगर प्रभारी, रिद्धि ब्यौहार पुंसवन सह प्रभारी का भी रोली तिलक लगाकर सम्मान किया गया। जबलपुर उपजोन की ओर से भाई वृंदावन पटैल उपजोन समिति सदस्य प्रबन्ध ट्रस्टी आचार्य थंमन शर्मा सह प्रभारी प्रेमचंद शाक्य ट्रस्टी राजेंद्र सिंह पटेल, मनोज़ सोनी ,अशोक साहू जिला समन्वयक अविनाश बेलाकर व जिले के उपस्थित सभी परिजनों ने सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं।

## पांचवी-आठवीं परीक्षा को लेकर केंद्राध्यक्षों की बैठक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2024- 2025 के विधिवत संचालन हेतु जिले के 201 परीक्षा केंद्र के परीक्षा केंद्र अध्यक्ष एवं जन शिक्षा केंद्र प्रभारी विकासखंड स्रोत समन्वयक का बैठक सह उन्मुखीकरण जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ।



प्रथम चरण में गोटेगांव, साईखेड़ा, चीचली एवं द्वितीय चरण में नरसिंहपुर, करेली,चावरपाठा विकासखंड का बैठक सह उन्मुखीकरण संपन्न हुआ। उन्मुखीकरण के दौरान जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में एपीसी आनंद शर्मा, समीर त्यागी, मनीष चौकसे द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी वार्षिक परीक्षा संबंधी दिशा निर्देश की जानकारी दी गई।

परीक्षा केंद्र अध्यक्ष प्रतिदिन परीक्षा उपरांत सील बंद उत्तरपुस्तिका के पैकेट, उपस्थिति पत्रक सहित संबंधित जन शिक्षा केंद्र पर जमा करेंगे। एवं जन शिक्षा केंद्र प्रभारी परीक्षा दिवस में ही उपस्थिति पत्रक की प्रविष्टि पोर्टल पर करेंगे।

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के दायित्व की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा केन्द्र अंतर्गत निर्धारित परीक्षार्थियों की संख्या के अनुरूप कक्षों में परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने, परीक्षा कार्यक्रम अनुसार बैठक व्यवस्था की जानकारी परीक्षा केन्द्र के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने, परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों के लिए प्रकाश, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था एवं शौचालय की साफ-सफाई सुनिश्चित करने, परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व केन्द्राध्यक्ष द्वारा पर्यवेक्षकों का उन्मुखीकरण करने, नियत परीक्षा तिथि हेतु कक्षावार परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था तथा पर्यवेक्षकों की ड्यूटी का निर्धारण, परीक्षा की गोपनीयता सुनिश्चित करते हुए नियत परीक्षा दिवस को परीक्षा प्रारंभ होने के 45 मिनिट पूर्व संबंधित जन शिक्षा केन्द्र से कक्षावार संबधित विषय के प्रश्नपत्रों के पैकेट प्राप्त करने, पोर्टल से जनरेट किए हुए प्रवेश पत्र के आधार पर परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों को प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा को नियत समय पर प्रारंभ एवं समाप्त करवाना तथा परीक्षा की सतत् मॉनीटरिंग करना। प्रतिदिन परीक्षा दिवस परीक्षा समाप्ति उपरांत 1 घंटे के भीतर उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड पैकेट (कक्षा 5 के लिए सफेद और कक्षा 8 के लिए पीले रंग की कपड़े की थैली में) उसी दिन जन शिक्षा केन्द्र में जमा करवाना।

परीक्षा के दौरान नकल अथवा अनुचित साधनों के उपयोग पर कार्यवाही, यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा जाता है, तो पर्यवेक्षक द्वारा उत्तरपुस्तिका को जब्त कर अपनी टीप के साथ परीक्षा केन्द्राध्यक्ष को सौंपा जाएगा। यदि केन्द्राध्यक्ष पर्यवेक्षक की टीप से सहमत होते हुए यह पाते हैं।

## नेहरिया कोयला खदान में ठेका मजदूर घायल

**परासिया, देशबन्धु।** पेच क्षेत्र की नेहरिया भूमिगत कोयला खदान में आज एक ठेका मजदूर दुर्घटना में घायल हो गया। मजदूर अर्जुन को शाम 6 बजे खदान से निकाल कर इलाज के लिए भोकई डिस्पेंसरी लाया गया। लेकिन हाथ, पैर एवं कमर में ज्यादा चोट होने के कारण उसे बड़कुही अस्पताल में भर्ती किया गया। जानकारी के अनुसार ठेका मजदूर खदान के अंदर सपोर्ट का काम कर रहा था तभी उसे चोट लगी।



## केन्दीय जेल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश शुक्ला के मार्गदर्शन में केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचम जिला न्यायाधीश वैभव सक्सेना द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विचाराधीन बंदियो एवं दोषसिद्ध बंदियो को प्राप्त विधिक अधिकारो के संबंध में अवगत कराते हुए जिला प्राधिकरण नरसिंहपुर द्वारा बंदियो को नि:शुल्क प्रदान की जा रही विधिक सहायता पर प्रकाश डाला। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विष्णु श्रीवास्तव द्वारा बंदियो को विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उद्देश्यो से अवगत कराया एवं उन्हे अवगत कराया कि लीगल एड क्लीनिक में जेल विजिटिंग लॉयर एवं पैरालीगल वालेंटियर नियुक्त रहेगे जो बंदियो को विधिक सहायता प्रदान करने मे सहायता करेगे। कार्यक्रम में सहायक जेल अधीक्षक आशीष खरे, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सभी सदस्यगण एवं जेल स्टाफ व बंदीगण उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। 20 फरवरी को ग्राम झामर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, आशा कार्यकर्त्ता एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया।



इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में पूर्व बाल कल्याण समिति सदस्य इंद्रकुमार गिरी, रंजीता कौरव द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान कर ग्रामीण जनों को जागृत करते हुए बताया गया कि विवाह में क्यों लड़के की उम्र 21 वर्ष व लड़की की 18 वर्ष होना अनिवार्य है। इससे संबंधित शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं बाल संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति किस तरह देखरेख एवं बाल संरक्षण समिति बालकों के हित में काम करती है। ग्रामीण जनों को जागरूक करते हुए सस्ते एवं सुलभ पोषक तत्वों को भोजन के रूप में ग्रहण कर उत्तम स्वास्थ्य को प्राप्त किया जा सकता है।

इस पर विस्तृत परिचर्चा की गई। प्रशिक्षण शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच दशरथ सिंह, श्यामलता दुबे आशा, रजनी सेन, सरिता चढ़ार, बड़ी संख्या में झामर सहित आसपास के क्षेत्रों से आयी महिलाएं, किशोरियां, पुरूष बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए